दैनिक **न्याय साक्षी**

# छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, शुक्रवार 12 मई 2023

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाले में डूबकर 2 सगी बहनों की मौत, गांव में मातम का माहौल

**बेमेतरा (आरएनएस)।** बेमेतरा जिले के ग्राम रूसे में नाले में डूबकर 2 सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों बच्चियां नहाने के लिए गई हुई थीं, जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी। दोनों बच्चियों की उम्र 7 और 5 वर्ष है। मामला चंदनु थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दोनों बहनों के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को ग्राम रूसे में 7 वर्षीय बच्ची शीतल साहू अपनी 5 साल की बहन दीपिका साहू के साथ नाले में नहाने के लिए गई थी। दोनों जब बहुत देर तक घर वापस नहीं लौटीं, तो परिजन उन्हें ढूंढने के लिए निकले। परिजनों ने नाले और आसपास के स्थानों पर उनकी तलाश की। मंगलवार शाम 4 बजे के करीब दोनों बच्चियों के शव को नाले में देखा गया। गांववालों और परिजनों ने नाले में कूदकर शवों को बाहर निकाला। बच्चियों की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बहनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। शासकीय अस्पताल नवागढ़ में पोस्टमॉर्टम करवाकर शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बालोद में तेंदूपत्ता तोडऩे गए युवक पर भालू ने किया हमला,अस्पताल में भर्ती

**बालोद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के ग्राम नर्रा गांव में भालू ने एक युवक पर हमला कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांव से लगे जंगल में तेंदूपत्ता तोडऩे गए युवक 23 वर्षीय दयानन्द पर भालू ने हमला कर दिया। जिससे उसके शरीर के कई हिस्सों में बुरी तरह चोंट आई हैं। वहीं उसके साथ तेंदूपत्ता तोडऩे गए दूसरे युवक ने भालू को आता देख पेड़ के पीछे छुपकर अपनी जान बचाई। हमले के बाद घायल दयानंद ने जैसे-तैसे भालू के चंगुल से अपनी जान बचाई और गांव पहुंचा। जिसके बाद ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल दयानंद को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना की रफ्तार पड़ी धीमी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में कोरोना की रफ्तार काफी कम हो गई है। राज्य में 3265 सैम्पलों की जांच की गई जिनमें से मात्र 72 लोगों की रिपोर्ट पॉजेटिव मिली। सूत्रों ने बताया



कि कोरोना संक्रमण अब काफी कम हो गया है। राज्य में इसके मरीज अब गिनते के ही बचे हैं। यदि लोगों ने इसी तरह जागरूकता बनाए रखी तो जल्द ही छत्तीसगढ़ राज्य कोरोना संक्रमण से मुक्त हो सकता है। बताया गया कि प्रदेश में कुल 3265 सेम्पलों की जांच की गई। इनमें से मात्र 72 लोगों में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसी तरह 160 मरीजों को उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया है। संक्रमित मरीजों में किसी की भी स्थिति गंभीर नहीं हुई। राहत की बात यह रही कि इस दौरान एक भी मौत हुई है। प्रदेश भर से मिले आंकड़ों के अनुसार-सबसे ज्यादा 18 कोरोना संक्रमित मरीज रायपुर जिले से मिले हैं। इसके बाद कोरिया जिले से 11 मरीज मिले हैं। इसी तरह दुर्ग जिले से 8 मरीजों की पुष्टि हुई है। बलौदा बाजार में 7 मरीज मिले हैं। सरगुजा से 6, धमतरी जिले से 3, बेमेतरा से भी 3 मरीज कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। राजनांदगांव जिले में भी ये आंकड़ा 3 मरीजों का है। बालोद जिले में 2 मरीज मिले हैं। कांकेर में भी मरीजों की संख्या 2 है। महासमुंद में 2 मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। जशपुर जिले में 1, रायगढ़ से 1, सूरजपुर से 1, सुकमा से 1, कबीरधाम जिले से भी 1, गरियाबंद में 1 और कोरबा जिले से भी 1 मरीज की पुष्टि हुई है।

### आरटीओ में नई व्यवस्था

# लाइसेंस-आरसी बनते ही व्हाट्सअप पर मिल जाएगी सूचना

- तुंहर सरकार तुंहर दुआर' में एस एम एस के साथ-साथ व्हाट्सअप पर भी मिलेगी आवेदन पर प्रगति की जानकारी
- अब तक लगभग 19 लाख से अधिक स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा ड्राइविंग लायसेंस तैयार कर घर पहुंचाए गए




**रायपुर (आरएनएस)।** परिवहन सेवाओं को पारदर्शी बनाने आरटीओ ने नई व्यवस्था बनाई है। अब आरसी और लाइसेंस प्रिंट होने की जानकारी वाहन मालिकों को सीधे उनके व्हाट्सएप पर भी भेज दी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत घर बैठे ही आरसी- लाइसेंस नंबर, आवेदक के नाम के साथ ट्रैकिंग नंबर और आरसी- लाइसेंस प्रिंट कब हुआ और उसे कब भेजा गया यह सभी जानकारी वाट्सअप मैसेज से मिल जाएगी।

जैसा कि विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना में यह नयी सुविधा जोड़ दी गई है। जून 2021 से अब तक 19 लाख 28 हजार 916 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 13 लाख 14 हजार 768 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा 6 लाख 14 हजार 148 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं।

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है।

परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने बताया कि अब एसएमएस के साथ-साथ वाट्सअप में भी मैसेज भेजना शुरू किया है। पहले एसएमएस के जरिए संक्षिप्त में जानकारी होती थी, जिसमें केवल आरसी- लाइसेंस नंबर के साथ ट्रैकिंग नंबर की जानकारी होती थी। नाम का उल्लेख भी नहीं होता था। अब ज्यादातर लोग वाट्सअप का उपयोग करने लगें हैं, ऐसे में आरसी प्रिंट के दौरान ही आरटीओ आवेदक के नंबर पर अब वाट्सअप करेगा। आवेदक चाहे तो घर बैठे वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आरसी- लाइसेंस डाउनलोड भी कर सकता है।

समय पर नहीं पहुंचा तो हेल्पलाइन पर सीधे शिकायत-

आरसी प्रिंट होने के बाद बाद स्पीड पोस्ट के जरिए सप्ताहभर के भीतर अगर आरसी नहीं मिला तो परिवहन विभाग विभाग द्वारा जारिए किए हेल्पलाइन नंबर 7580808030 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर पर अवकाश दिवस को छोडक़र सुबह 10 से 5:30 तक आरसी- लाइसेंस के पहुंचने संबधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। समस्या और शिकायतों का भी समाधान मिलेगा।

परिवहन सेवा को सुलभ बनाने अब एसएमएस के साथ वाट्सअप में भी वाहन मालिकों को आरसी- लाइसेंस की जुड़ी सभी जानकारी भेजी जाएगी। टोल फ्री नंबर के जरिए समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# बेरोजगारी भत्ते ने युवाओं की राह की आसान : कोचिंग, किताबों सहित अन्य खर्चों में मिल रही है मदद

**रायपुर (आरएनएस)।** कोचिंग, किताबों सहित अन्य खर्चों में मिल रही है मददप्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की बेरोजगारी भत्ता योजना एक सहारा बन कर आई है। वे युवा जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने की वजह से उन्हें कोचिंग सहित अन्य खर्चे वहन करने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, इस योजना के तहत मिली राशि से वे अपनी जरूरतें पूरी कर पा रहे हैं।

कोरबा के रहने वाले असुरारी पटेल ने 12वीं के बाद कम्प्यूटर का कोर्स किया है। सरकारी नौकरी की चाहत में पटेल ने पुलिस सहित वन विभाग आदि की परीक्षा के लिए तैयारी शुरू की है। उन्होंने बताया कि घर की परिस्थितियों को देखकर वह आगे नहीं पढ़ पाया। उनकी इच्छा है कि कुछ अच्छी नौकरी कर परिवार का सहयोग करें, लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए किताबें और कोचिंग की जरूरतों को वह पूरा नहीं कर पा रहा था। बेरोजगारी भत्ता योजना से मिली राशि से वह प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जरूरी किताबें खरीद पाता है। उन्होंने बताया कि जल्दी ही वह कोई कोचिंग क्लास जॉइन कर अपनी तैयारी को और भी बढ़ाएगा। ग्रेजुएशन के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में जुटी प्रिया दुबे ने बताया कि जरूरत के लिए और घर में सहयोग के लिए उन्हें भी ट्यूशन पढ़ाना पड़ता था, इससे उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने में बाधाएं आती थीं। अब बेरोजगारी भत्ता के रूप में मिली राशि से उन्हें पढ़ाई में सहायता मिल रही है।

यूपीएससी और पीएससी की तैयारी में जुटे राज पटेल ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता शुरू किए जाने से जरूरतमंद युवाओं को एक बड़ा सहयोग मिला है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट और अन्य किताबों का अध्ययन कर रहे हैं। उनकी यह सारी जरूरतें अब बेरोजगारी भत्ते की राशि से पूरी हो रही है। राज का कहना है कि गरीब परिवारों के लिए पैसे का इंतजाम कर पाना बहुत मुश्किल काम होता है। बेरोजगार होने पर परीक्षाओं की तैयारी भी मुश्किल हो जाती है। कुछ काम करने पर तैयारी प्रभावित होता है, ऐसे में हम जैसे युवाओं के लिए कुछ रुपए भी हमारे कैरियर को सँवारने में बहुत बड़ा सहारा बन सकते हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दे रही है। इसके लिए सरकार ने 2023-24 के बजट में 250 करोड़ रूपए का नवीन मद में प्रावधान किया है। बेरोजगारी भत्ता योजना के पात्र पाए गए 66 हजार से अधिक युवाओं के बैंक खाते में 16 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई है।

## प्याज की बोरियों के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे लाखों की शराब, पुलिस ने पकड़ा

**नारायणपुर (आरएनएस)।** नारायणपुर पुलिस ने गुरूवार को सूचना पर एक ट्रक में लाखों रूपए की शराब की बोतलें जब्त की है। हालांकि ट्रक चालक पकड़ में नही आया। ट्रक में प्याज की बोरियों के नीच शराब की बोतले छुपाकर रखी गई थी। मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर पुलिस को सूचना मिली कि बखरूपारा नारायणपुर में किसी ट्रक से अवैध रूप से शराब का संग्रहण एवं परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी नारायणपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर बखरूपारा नारायणपुर की ओर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा बखरूपारा बाजार स्थल में खड़ी एक संदिग्ध ट्रक सीजी 21 एच 1131 की संदेह के आधार पर जांच की गई। उक्त ट्रक में कोई व्यक्ति नहीं था एवं ट्रक में डाला में उपर में प्याज की बोरिया रखी हुई थी जिसके नीचे विधिवत तलाशी लेने पर प्याज की बोरियों के नीचे 4268 लीटर विदेशी शराब मिली जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त शराब की कीमत करीब 42 लाख 10 हजार 880 रूपये आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक को भी जप्त कर लिया है। पकड़ी गई शराब मध्यप्रदेश का होना पाया गया है मामले में नारायणपुर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गुहाराम के घर स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी व्यंजन का चखा स्वाद

- खाने में परोसा गया मुनगा बड़ी, कोचई-मखना, चरपनिया, चेच एवं मुनगा भाजी
- पत्रवानी परिवार ने पुष्प-गुच्छ और श्रीफल भेंट-कर मुख्यमंत्री का किया आत्मीय स्वागत

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत आज मस्तूरी विधानसभा के ग्राम सीपत पहुँचे। यहां उन्होंने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गुहाराम पत्रवानी के आतिथ्य में उनके घर भोजन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री का पत्रवानी परिवार ने घर के मुख्य द्वार पर तिलक-आरती, पुष्प-गुच्छ तथा फल भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पत्रवानी परिवार के सदस्यों द्वारा सादगी के साथ परोसे गए स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी भोजन का स्वाद लिया। पत्रवानी परिवार ने पूरी आत्मीयता के साथ मुख्यमंत्री को भोजन में चावल, दाल, रोटी के साथ मुनगा बड़ी, मुनगा, कोचई-मखना, चरपनिया, चेच एवं मुनगा भाजी सब्जी एवं आमा की चटनी भी परोसा।

घर के मुखिया गुहाराम और उनकी पत्नी अनुसुइया ने मुख्यमंत्री को अपने घर पर भोजन करता पाकर प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री ने स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी भोजन के लिए सूर्यवंशी एवं उनके परिजनों को उपहार भेंट-कर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री को सूर्यवंशी ने बताया कि उनके पास 2 एकड़ कृषि भूमि है और परिवार में 9 सदस्य हैं।

## कलमी टिकरा में फसल रौंद बासीन पहुंचा हाथियों का दल

**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में सक्रिय 23 हाथियों का दल बीती रात कलमीटिकरा में 8 किसानों की धान व मूंगफली फसल को रौंदने के बाद पसरखेत की सीमा पर स्थित ग्राम बासीन पहुंच गया। हाथियों ने यहां भी फसल नुकसानी किया है, जिससे चार किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। 23 हाथियों के एक और दल के पहुंचने से पसरखेत रेंज में मौजूद हाथियों की संख्या बढक़र तीन दर्जन हो गई है, जो दो झुंड में अलग-अलग जगहों पर घूम रहे हैं।



पतरापाली में 13 हाथी पहले से मौजूद है। यहां सप्ताह भर पूर्व बालको वन परिक्षेत्र के दूधी टांगर से 18 हाथियों की आमद हुई थी। सभी हाथी 6 दिनों तक क्षेत्र में ही घूम रहे थेए लेकिन कल शाम इसमें से 5 हाथी झूंड से अलग हुए और जंगल ही जंगल होते हुए बालको रेंज अंतर्गत दूधी टांगर पहुंच गए। हाथियों ने दूधी टांगर पहुंचने से पहले दो किसानों के खेत में लगे स्प्रींकलर पाईप को निशाना बनाते हुए तोड़ दिया। हाथियों द्वारा उत्पात मचाकर फसल व पाइप तोड़े जाने की सूचना मिलने पर संबंधित क्षेत्रों से वन विभाग का स्टाफ मौके पर पहुंचा और हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही अपनी रिपोर्ट तैयार किये, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को मुआवजा स्वीकृति के लिए प्रेषित किया जाएगा। क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथियों के पहुंचने से वन विभाग के साथ ग्रामीणों की भी परेशानी बढ़ गई है। चूंकि इस समय तेंदू पत्ता संग्रहण का सीजन चल रहा है और ग्रामीण बड़ी संख्या में तेंदू पत्ता तोडऩे के लिए जंगलों में पहुंच रहे हैं। ऐसे में वन्य प्राणियों से उनको खतरा बढ़ गया है।

## राजधानी पुलिस की बड़ी कार्यवाई : चार मोबाइल समेत लाखों रुपए के सामान जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** बदमाश खुले आम चलते फिरते लोगों का मोबाइल छीन छीन कर फरार हो जाते है। ऐसे में रायपुर पुलिस की ओर से धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। यह मामला, उरला थाना क्षेत्र का है जहां एक युवक का मोबाइल छीन कर बदमाश फरार हो गए। पुलिस टीम ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार की।

रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देश में संपत्ति संबंधी अपराधों में धरपकड़ अभियान चलाये जा रहे है। इसके तहत उरला पुलिस ने रास्ते चलते राहगीरों से मोबाइल और पर्स लूटने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रार्थी दिनेश कुमार पासवान, अछोली रायपुर निवासी ने बताया कि वह फोन पर बात कर रहा था, तब बदमाशों ने आ कर उसके मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। प्रार्थी उनका पीछा करते रहे लेकिन कुछ नहीं हुआ।

**आरोपी कई जगहों में ऐसे घटना को देते थे अंजाम**

प्रार्थी ने थाना उरला में मोबाइल छीन कर ले जाने वाले बदमाशों के खिलाफ 189/22 धारा 392 रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस की धरपकड़ अभियान में प्रार्थी के बताए हुलिए पर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से अन्य वारदातों में लूटे गये 3 मोबाइल की कीमती लगभग 90 हजार रुपए बरामद किया गया है। पुलिस के पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि क्षेत्र और अन्य कई जगहों में इस तरह की लूट के वारदातों को अंजाम देते थे। न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर निवासी उत्तम उर्फ अनीस रोचलानी और कबीरनगर थाना उरला निवासी साजनदीप को गिरफ्तार कर ज्युडीशियल रिमांड पर भेजा गया।

**बदमाश ने मारपीट कर लूटा मोबाइल**

प्रार्थी खमतराई रायपुर निवासी संजय कुमार ने उरला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। वे फैक्ट्री से कम करके घर लौट रहा था। एक बदमाश ने उसे अकेला देखकर मैके का फायदा उठाया। बदमाश ने उसे अकेला देखकर उसके साथ मारपीट करने लगा और मोबाइल लूट कर भाग निकला।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.पी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# कृषि विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

- प्राकृतिक एवं जैविक खेती आज के समय की जरूरत
- किसानों को प्राकृतिक खेती की आवश्यकता तथा महत्व समझाया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के किसानों में प्राकृतिक तथा जैविक खेती के संबंध में समझ विकसित करने तथा राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के लिए आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार सेवाएं निदेशालय में छत्तीसगढ़ सरकार तथा ''प्राकृतिक खेती के लिए राष्ट्रीय गठबंधन'' संस्था के छत्तीसगढ़ चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा ने की। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, अपर संचालक उद्यानिकी भूपेन्द्र पाण्डेय तथा अपर संचालक कृषि एस.सी. पदम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि बदलते वैश्विक कृषि पारिस्थितिकी परिदृष्य में प्राकृतिक खेती आज समय की मांग बन चुकी है। उन्होंने कहा कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन तथा कृषि के संसाधनों की बढ़ती लागत को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि किसान प्राकृतिक तथा जैविक खेती को अपनाएं। हरित क्रान्ति के पश्चात रसायन प्रधान कृषि के कारण उर्वरकों और कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि हुई तथा मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। इसे देखते हुए प्राकृतिक खेती का महत्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने किसानों से आव्हान किया कि वे आवश्यकतानुसार प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्राकृतिक तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाएं हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी अभियान के तहत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। राज्य की लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर भूमि पर गौठान स्थापित किये गये हैं जहां लगभग 20 लाख क्विंटल से अधिक वर्मीकम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है। किसानों को देशी बीजों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नौ लाख एकड़ कृषि भूमि में समन्वित खेती की जा रही है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने इस अवसर पर कहा कि आधुनिक कृषि में प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती का समावेश आवश्यक है। जैविक खेती से फलों तथा अन्य खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ती है तथा मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरता है।